卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 119 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦3 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## आतंकी हमले की धमकी के बाद मुम्बई में अलर्ट

मुंबई(उद संवाददाता)। मुंबई में आतंकी हमले की धमकी दी गई है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक ई-मेल मिला है। इस ई-मेल में मुंबई में आतंकी हमले की धमकी मिली है। मेले भेजने वाले ने खुद को तालिबानी बताया है। धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद जांच एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। समाचार एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि एनआईए ने मुंबई पुलिस को इसकी जानकारी दी है। वहीं, आतंकी हमले की धमकी के बाद महाराष्ट्र के कई शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई पुलिस के सूत्रों ने कहा, धमकी देने वाले ने खुद को तालिबानी बताया है। ई-मेल में कहा है कि मुंबई में आतंकी हमला होगा। एनआईए अब मुंबई पुलिस के साथ मिलकर इसकी छानबीन कर रही है। इससे पहले इसी साल जनवरी में मंगलवार को मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में एक धमकी भरी कॉल आई थी। इस कॉल में अज्ञात शख्स ने स्कूल को उड़ाने की धमकी दी थी। मुंबई पुलिस ने इस बारे में बताया था कि स्कूल के लैंडलाइन पर दोपहर साढ़े चार बजे एक कॉल आया था। अज्ञात शख्स ने स्कूल में बम रखने का दावा किया था।



## खाई में गिरा ट्रक, एक की मौत

ऋषिकेश(उद ब्यूरो)। ऋषिकेश-बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर कौड़ियाला के समीप बीती देर शाम मालवाहक वाहन गहरी खाई में गिरकर गंगा में समा गया। सूचना पर देव प्रयाग से पुलिस और मुनिकीरेती से एसडी आरएफ की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। थाना देवप्रयाग के अंतर्गत गुरुवार शाम किसी वाहन चालक ने पुलिस को सूचना दी कि ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर कौड़ियाला के समीप गंगा में काफी मात्रा में तेल बहता देखा गया है। संभवत कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए कौड़ियाला और बछेलीखाल पुलिस चौकी से पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। दुर्घटना की सूचना एसडीआरएफ मुनिकीरेती को भी दी गई। जिसके बाद व्यासी चौकी में तैनात एसडीआरएफ के उपनिरीक्षक धर्मेंद्र पंवार के साथ राहत दल मौके पर पहुंचा। शाम करीब छह बजे एसडी आरएफ और पुलिस की टीम गहरी खाई में उतर कर नीचे पहुंची। वहां एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। घटनास्थल के हालात को देखते हुए यह माना जा रहा है कि यह कोई मालवाहक वाहन था जो खाई में गिरने के बाद गंगा में समा गया। वाहन में कोई और सवार था या नहीं इसके बारे में भी जानकारी नहीं मिल पायी है। मौके पर सब्जी ढुलान करने में प्रयुक्त होने वाली ट्रे बिखरी हुई थी। संभवत यह( शेष पेज सात पर )



## 2.47 लाख की नगदी और नशे की दवाईयों के साथ एक दबोचा

### लम्बे समय से बरेली और बहेड़ी से प्रतिबंधित दवाओं की कर रहा था तस्करी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में रूद्रपुर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नशे के एक सौदागर को 2.47 लाख की नगदी और नशे की प्रतिबंधित दवाईयों की खेप के साथ गिरफ्तार कर लिया। खुलासा करते हुए एस क्राइम चन्द्रशेखर घोटके ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस टीम किच्छा रोड भदईपुरा में गश्त कर रही थी। केनरा बैंक भदईपुरा के पास की गली से गश्त करते हुए जब टीम अंदर पहुंची तो तो सामने गली में एक व्यक्ति सड़क पर हाथ में सफेद रंग का थैला पकड़े हुए किनारे पर खड़ा दिखायी दिया, उसके पास दो युवक और खड़े थे। मौके पर पहुंचे तो दो युवक मौके से फरार हो गये। थैला पकडे हुए व्यक्ति को घेरकर पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम प्रहलाद मण्डल पुत्र पुन्नो मण्डल निवासी भदईपुरा वार्ड नं0 16 बताया। उसके पास थैले में चेक किया तो 10 डिब्बे थे। जिसमें नशे की 1740 प्रतिबंधित टेबलेट और 2 लाख 47 हजार की नगदी भी बरामद की गयी। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह कर्ज चुकाने के लिए इस अवैध काम को अंजाम दे रहा है। उसने बताया कि 4 बहनों की शादी हाल में ही की है। 2 महीने पहले इसी मौहल्ले में 11 लाख का मकान लिया है। जिसके कुछ पैसे दे दिये कुछ पैसे और देने हैं। रुपयों के लालच में नशे का सामान लाने व बेचने का काम कर रहा है। उसने बताया कि वह अकसर अलंकृटा मेडिकल पर नशे की गोलियां बेचता हूं। नशे की गोलिया वह बहेड़ी, बरेली से लाता था।



## हाथी ने एक को पटक कर मार डाला

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। लक्ष्मणझूला थाना क्षेत्र में नीलकंठ रोड पर हाथी ने एक व्यक्ति को पटक पटक कर मार डाला। इससे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार तड़के जंगली हाथी ने नीलकंठ रोड पर पटना वाटर फॉल के नजदीक एक व्यक्ति को पटक पटक कर मार डाला। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। उक्त रोड पर दिन भर वाहनों और पैदल राहगीरों का मूवमेंट रहता है। पर्यटक पटना वाटर फॉल की ओर आते जाते रहते हैं। लक्ष्मणझूला थाना पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अभी तक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आस-पास के लोगों का कहना है कि उक्त व्यक्ति अक्सर यहां दिखता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## पहचान छुपाकर महिला के साथ रह रहा शराब तस्कर दबोचा

### मुस्लिम महिला के साथ विवाह करके पुलिस को दे रहा था चकमा

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस से बचने के लिए शराब तस्कर अपना नाम बदल कर सिरोली कलां में मुस्लिम महिला से विवाह करके रहने लगा। न्यायालय में पेश न होने पर उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट भी न्यायालय ने जारी किया था। पुलिस ने उसको अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए जाने पर एसओ पुलभट्टा कमलेश भट्ट की अगुवाई में पुलिस टीम राजू सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम पुलभट्टा की तालाश में जुटी हुई थी। छानबीन के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि राजू सिंह ने एक विधवा मुस्लिम महिला से विवाह कर लिया है और वह अपना नाम शफीक अहमद रख कर उसके साथ इंदिरा नगर सिरोली कलां थाना पुलभट्टा में रह रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर एसओ कमलेश भट्ट ने अपना जाल फैला दिया। गुरुवार रात पुलिस को सूचना मिली की राजू सिंह पुत्र नत्थू सिहं हाल निवासी वार्ड नंबर 18 इंदिरा नगर सिरोली कलां मौलाना आजाद स्कूल के पास है। जिस पर एसओ कमलेश भट्ट ने हेड कांस्टेबल रविकांत शुक्ला, कांस्टेबल ललित चौधरी के साथ दबिश देकर मौलाना आजाद स्कूल के पास कच्चे मार्ग पर संदिग्ध को दबोच लिया। उसने अपना नाम राजू सिंह पुत्र नत्थू सिंह बताया। उसके पास से पुलिस ने एक अवैध चाकू भी बरामद कर लिया। उसके विरुद्ध रुद्रपुर व किच्छा में शराब तस्करी के कई मुकदमें दर्ज है। पुलिस उसका आपराधिक रिकार्ड भी खंगाल रही है।( शेष पेज सात पर )

## तमंचे पे डिस्को पड़ा भारी, युवक गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)।तमंचे पर डिस्को का वीडियो बना कर वायरल करना युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने वीडियो वायरल होने पर युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने तमंचा व चार कारतूस बरामद किए है। बीते दिनों इंटरनेट मीडिया पर एक युवक का तमंचा लेकर डांस करते हुए युवक का वीडियो वायरल हुआ था। युवक पुलभट्टा थाने के गांव अजीतपुर के निवासी के रूप में चिन्हित किया गया था। युवक के चिन्हित होने के बाद एसओ कमलेश भट्ट ने पुलिस टीम को तुरंत ही सक्रिय करते हुए युवक का पता लगाने के लिए लगा दिया था। गुरुवार शाम युवक के अजीतपुर शमशान घाट के पास दबिश देकर संदिग्ध युवक को दबोच लिया। उसके पास से पुलिस ने एक 12 बोर का तमंचा व चार कारतूस बरामद कर लिए। युवक ने अपना नाम आकाश राठौर पुत्र घासी राम निवासी ग्राम अजीतपुर पुलभट्टा बताया। उसने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह तमंचा पांच हजार रुपये में बहेड़ी से खरीदकर लाया था। पुलिस ने आकाश के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर हथियार बेचने वालों पर भी नकेल कसने की तैयारी शुरु कर दी है।

### तमंचा और कारतूस समेत बदमाश दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में लगे एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान रामनगर रोड पर अकेला मोड़ के समीप संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते एक युवक को पुलिस ने तत्परता दिखाते दबोच लिया। पुलिस की गाड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहल्ला थाना साबिक, पंजाबी सराय ( शेष पेज सात पर)

## उचक्कों ने महिला से झपटा मोबाईल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं बाईक सवार अज्ञात उचक्कों ने किच्छा बाईपास मार्ग पर सड़क किनारे मोबाईल से बात करते जा रही महिला के हाथ से मोबाईल झपटकर लिया और फरार हो गए। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में किच्छा बाईपास तीन पानी शुक्ला फार्म वार्ड 12 निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र बलविंदर सिंह ने कहा है कि गत 31 जनवरी की सायं उसकी पत्नी किच्छा बाईपास मार्ग पर सड़क किनारे अपने मोबाईल से किसी परिचित से बात करते जा( शेष पेज सात पर )

## अवैध शराब ठिकानों पर छापा

### भारी मात्रा में शराब बरामद, तस्कर फरार

गूलरभोज(उद संवाददाता)। अवैध शराब के ठिकाने पर गुलरभोज चौकी पुलिस ने छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किये। मौके पर भारी मात्रा में लाहन भी नष्ट की गयी। पुलिस के छापा मारते ही मौके से शराब तस्कर फरार हो गये। पुलिस ने चार तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर नशे का अवैध कारोबार करने वाले लोगों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत चौकी प्रभारी गुलरभोज के नेतृत्व में पुलिस ने ग्राम ककराला डामपार में ककराला डिब्बी जंगल में अवैध शराब की 2 भट्टियों पर छापा मारकर पाँच हजार लीटर लहन को नष्ट किया। मौके से 2 अलग-अलग ट्यूबों में 75 लीटर अवैध( शेष पेज सात पर )



## छह सड़कों एवं नाला निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

काशीपुर(उद संवाददाता)। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत विभिन्न ग्रामों एवं नगर निगम क्षेत्र वार्डों में 6 सड़कों एवं 1 नाले के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इन निर्माण कार्यों पर 112 लाख रू० की लागत आएगी। श्री चीमा ने बताया कि उन्होंने आज ग्राम कुदैइयावाला में गुरुद्वारे के सामने मुख्य मार्ग से प्राथमिक विद्यालय तक 220 मी०, ग्राम गंगापुरगोसाई में गुरूद्वारे से करनैल सिंह, मेजर सिंह, गुरमुख सिंह आदि के घरों से होते हुए सूबा सिंह के घर तक 270 मी०, ग्राम बाँसखेड़ी में टायल रोड से रचना पब्लिक स्कूल( शेष पेज सात पर )



# एई और जेई भर्ती परीक्षा के पेपर लीक के मामले में नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

## हमारी सरकार पूरे सिस्टम को सुधारने के लिए कृत्संकल्प : धामी

देहरादून। उत्तराखंड में प्रतियोगी परिक्षाओं के पेपर लीक के मामलों पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बेहद सख्त रवैया अख्तियार किए हुए हैं। शुरु से ही सीएम धामी ने पेपर लीक के आरोपियों को



लेकर कोई नरमी नहीं दिखाई है। वहीं अब सीएम धामी ने एई और जेई की भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में भी मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अब कनखल में नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आपको बता दें कि हाल ही में सीएम के निर्देशों के बाद एई और जेई के पदों पर हुई भर्ती परीक्षा की जांच की गई थी। ये भर्ती परीक्षा 2021 में निकली थी और 2022 में परीक्षा पूरी हो गई और रिजल्ट भी आ चुका है। हालांकि अभी इंटरव्यू नहीं कराए गए हैं। इसी बीच इन भर्ती परिक्षाओं में धांधली का आरोप लगा। इसके बाद सीएम ने इन परिक्षाओं की जांच करा दी। एई और जेई के पदों पर हुई भर्ती परीक्षा में धांधली के तार उसी संजीव चतुर्वेदी से भी जुड़ रहें हैं जो मौजूदा वक्त में लेखपाल व पटवारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में एसटीएफ की गिरफ्त में हैं। संजीव से ही हुई पूछताछ में एई, जेई और प्रवक्ता पदों पर हुई भर्तियों में धांधली का पता चला है। वहीं युवाओं के साथ अन्याय ना हो इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त निर्देश पर यूकेपीएससी में एई और जेई परीक्षा में हरिद्वार पुलिस की एसआईटी जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना कनखल पर AE-JE परीक्षा प्रश्न पत्र लीक प्रकरण में 9 लोगों पर धारा 420, 409, 120BIPC3/4 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम, 7/8 भ्रष्टाचार अधिनियम 1988 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। सीएम धामी ने कहा की गड़बडी करने वालो को कतई बख्शा नही जायगा इसके लिए सरकार जल्द ही देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लाएगी। ताकि प्रदेश के युवाओं के साथ कोई अन्याय न हो सके।आगे सीएम धामी कहते है की "हमारी सरकार पूरे सिस्टम को सुधारने के लिए कृत्संकल्प है"। यूकेपीएससी की एई और जेई परीक्षाओं में शिकायतें मिलने पर तुरंत जांच के आदेश दिए गए थे। जिसके बाद मुकदमा भी पंजीकृत कर लिया गया था। पेपर लीक मामले में जो भी संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। पहले भी विभिन्न भर्तियों में गड़बडी करने वालों को जेल भेजा गया है। साथ ही राज्य सरकार ऐसी व्यवस्था बना रही है जो कि पूरे पारदर्शी तरीके से भर्ती परीक्षाएं हो सके। वही भर्ती कैलेंडर जारी कर सरकार उसके अनुरूप ही परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। ताकि युवाओं को किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। लेखपाल पटवारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक कराने के मामले में गिरफ्त में आया संजीव चतुर्वेदी खासा शातिर है। वो पिछल कई सालों से पेपर लीक करा रहा था। हालात ये थे कि जिस लोक सेवा आयोग पर आंख बंद कर विश्वास किया जा रहा था उसी आयोग में बैठा संजीव लोगों की आंखों में धूल झोंक रहा था। एसटीएफ सूत्रों की मानें तो संजीव ने अब तक चार परिक्षाओं में धांधली के बारे में बताया है। इन्हीं में से एई और जेई के साथ ही प्रवक्ता के पदों पर हुई भर्ती भी शामिल है। सूत्रों की माने तो एई का पेपर लीक कराने के लिए प्रति अभ्यर्थी 50 लाख रुपए तक वसूले गए हैं जबकि जेई और प्रवक्ता पदों पर भर्ती के लिए 30 लाख रुपए तक की वसूली हुई है।

# राज्य आंदोलनकारियों के लिये होगी दस फीसदी क्षैतिज आरक्षण बहाली

देहरादून। सरकारी नौकरियों में राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बहाल हो सकता है। सरकार इसके लिए अध्यादेश लाने जा रही है। 10 फरवरी की कैबिनेट में इसका प्रस्ताव आ सकता है। राज्य आंदोलनकारियों के सरकारी नौकरियों में क्षैतिज आरक्षण पर विचार के लिए सरकार ने वन मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उप समिति गठित की है। उप समिति की बृहस्पतिवार को विधानसभा में बैठक हुई, जिसमें सबसे पहले राज्य आंदोलनकारियों के प्रत्यावेदनों को सुना गया। सूत्रों के मुताबिक मंत्रिमंडलीय उप समिति की ओर से आरक्षण बहाली का निर्णय लिया गया है। बताया गया है कि आगामी कैबिनेट में इसका प्रस्ताव आ सकता है। एनडी तिवारी सरकार ने वर्ष 2004 में राज्य आंदोलनकारियों को नौकरी में दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का शासनादेश जारी किया था। आंदोलनकारियों को विशेष श्रेणी मानते हुए यह शासनादेश हुआ था। इसका लाभ लोक सेवा आयोग के दायरे में आने वाली नौकरियों एवं राज्याधीन सेवाओं में दिया गया। इसी जीओ के चलते सैकड़ों आंदोलनकारियों ने इसका लाभ लिया, लेकिन त्रिवेंद्र सरकार ने हाईकोर्ट के इस शासनादेश को रद्द कर दिया था। धामी सरकार ने वर्ष 2022 में इसका विधेयक पारित करके राज्यपाल को भेजा, लेकिन राजभवन इस पर आपत्ति लगाकर लौटा दिया था। वरिष्ठ आंदोलनकारी रविंद्र जुगरान के मुताबिक इस पर यह आपत्ति लगाई गई कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लघंन कर रहा है। जुगरान ने कहा कि क्षैतिज आरक्षण राज्य का विषय है। सरकारों ने आंदोलनकारियों को विशेष श्रेणी मानते हुए इस आरक्षण को देना जारी रखा, जो संविधान सम्मत है। बैठक में मंत्री सौरभ बहुगुणा के साथ ही अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री राधा रतूड़ी, सचिव कार्मिक शैलेश बगौली शामिल रहे।

# चमोली समेत चार जिलों में एवलांच की चेतावनी, मैदान में छाया रहा कोहरा

देहरादून। उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ समेत चार जिलों में अगले 24 घंटे में हल्के हिमस्खलन आ सकते हैं। डीजीआरई चंडीगढ़ ने यह चेतावनी जारी की है। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिले के 3000 मीटर से ऊपर के क्षेत्रों में हल्की श्रेणी के हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। डीजीआरई चंडीगढ़ क्षेत्र विशेष में बर्फबारी, मौसम पर नियमित मॉनिटरिंग करता है। उसके द्वारा उपलब्ध कराए गए तथ्यों के आधार पर दैनिक चेतावनी जारी होती है। उत्तराखंड में फरवरी में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक फरवरी में सिर्फ तीन दिन बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक फरवरी में उत्तराखंड के अधिकांश हिस्सों में मासिक न्यूनतम तापमान भी सामान्य से कम रहने की संभावना है। वहीं, अगले चौबीस घंटे में राज्य के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। हालांकि, मैदानी इलाकों ऊधमसिंहनगर और हरिद्वार में कोहरा छाए रहने की संभावना है।मौसम के बदले मिजाज के चलते दून में ठंड का असर कम होने लगा है। पारा भी दिनों दिन चढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार को दून में अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री अधिक था। वहीं, न्यूनतम तापमान भी नौ डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। एक दिन पहले तेज धूप निकलने के बाद बृहस्पतिवार को सुबह कई इलाकों ने कोहरे की चादर ओढ़ ली। सुबह तेज कोहरे से लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। वहीं, कोहरा ज्यादा होने से इसका असर यातायात पर भी पड़ा। कोहरे के चलते वाहन सड़कों पर रेंग-रेंगकर चलते दिखाई दिए। फरवरी शुरू होने के बावजूद कई दिन से बिगड़े मौसम में सुधार नहीं आ रहा है। करीब चार दिन पहले हुई बारिश के बाद मौसम में एक बार फिर ठंडक लौट आई है। सुबह सड़कों पर घरा कोहरा छाया रहा। इसके चलते सुबह की सैर के लिए निकले लोगों को कुछ ही दूरी से लौटना पड़ा। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को भी कोहरे के बीच ठंड का सामना करना पड़ा। सड़कों पर कोहरा ज्यादा होने से रोडवेज बसों संग ही स्कूली बसें और अन्य वाहन बेहद धीमी गति से आगे बढ़े। करीब 11 बजे कोहरा छंटना शुरू हुआ।

# सात नशा माफियाओं की करोड़ों की संपत्ति जब्त, बैंक खातों को किया फ्रीज

हरिद्वार। काले धंधों से अर्जित की गई नौ गैंगस्टरों की नौ करोड़ 60 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई के बाद अब नशा माफिया हरिद्वार पुलिस के रडार पर आ गए हैं। एसएसपी अजय सिंह ने हिस्ट्रीशीटर सत्तार सहित सात बड़े नशा माफिया के बैंक खातों को फ्रीज कर करोड़ों रुपये की चल संपत्ति जब्त कर दी है। अचल संपत्ति की रिपोर्ट विदेशी मुद्रा छल साधक (संपत्ति समपहरण) नई दिल्ली के एडीशन डायरेक्टर को भेज दी है। चल और अचल संपत्ति करीब 2.36 करोड़ की आंकी गई है। मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत जहरीला नशा सप्लाई कर करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति अर्जित करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ा है। बुधवार को नौ गैंगस्टरों की 9.60 करोड़ 65 हजार की संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई की गई। बृहस्पतिवार को नशीली दवाएं, स्मैक, चरस की तस्करी करने वाले सात बड़े नशा माफिया को चिन्हित करते हुए संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इसमें चल संपत्ति जब्त कर बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी कर चल-अचल संपत्ति जोड़ने वाले आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है। काले धंधे से अर्जित संपत्ति को जब्त की जा रही है। संपत्ति की रिपोर्ट तस्कर और विदेशी मुद्रा छल साधक (संपत्ति समपहरण) नई दिल्ली के एडिशनल डायरेक्टर को भेजी जा रही है। बृहस्पतिवार को सातों माफिया की अचल संपत्ति कर रिपोर्ट एडिशनल डायरेक्टर को भेज दी है। हिस्ट्रीशीटर एवं नशा तस्कर सत्तार निवासी मोहल्ला कस्साबान ज्वालापुर की 73 लाख रुपये की संपत्ति (जमीन-55 लाख, वाहन-18 लाख) तस्कर गंगेश निवासी मोहल्ला पीठ बाजार ज्वालापुर की 50 लाख की संपत्ति (जमीन-21 लाख, मकान-15 लाख, वाहन- छह लाख, बैंक खाता में आठ लाख) तस्कर कुलदीप निवासी सलेमपुर महदूद थाना सिडकुल की 27. 60 लाख की संपत्ति (जमीन-14 लाख, मकान-12 लाख, वाहन-60 हजार, बैंक खाता में एक लाख) तस्कर मोहम्मद अफजल निवासी ग्राम टौली थाना बेहट जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश की तीन लाख की संपत्ति (वाहन-40 हजार, बैंक खाता में 2.60 लाख) तस्कर तनवीर निवासी टांडा भनेड़ा कोतवाली मंगलौर की 27.33 लाख की संपत्ति (मकान-27.33 लाख) तस्कर आलिम निवासी टांडा भनेड़ा कोतवाली मंगलौर की संपत्ति 8.90 लाख (जमीन- 5.50 लाख, दुकान-3.40 लाख) तस्कर मुर्करम निवासी ग्राम सिरचंदी थाना भगवानपुर की 46 लाख की संपत्ति (पुश्तैनी जमीन पर बना मकान-46 लाख) की सम्पत्ति शामिल है।

# मटर की फसल को औने पौने दामों में बेचने को मजबूर

## किसानों की समस्याओं के संबंध में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी और उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह ढिल्लों द्वारा संयुक्त रूप से जिलाधिकारी महोदय को एक ज्ञापन देकर मटर की फसल को बेचने के लिए किसानों को आ रही समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का निराकरण करने की मांग की। जिलाधिकारी महोदय से मुलाकात कर सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से सलविंदर सिंह कलसी ने बताया कि क्षेत्र में मटर की फसल अधिक होने के बावजूद उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों की मटर की फसल को औने पौने दामों में खरीदा जा रहा है कोई भी फ्रोजन प्लांट मालिक और परचेजर मंडी में आकर बोली लगाकर मटर को फसल को नहीं खरीद रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि दैनिक मार्केट रेट खोलने



का कार्य उस व्यक्ति के जिम्मे है जिसका मटर व्यापार ना के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह जानने की आवश्यकता है की मटर का रेट तय करने का आधार क्या है ? उन्होंने कहा कि क्या यह एक ही व्यक्ति के माध्यम से चल रहा है? उत्तर प्रदेश और जालौन में यह कार्य उप जिलाधिकारी के माध्यम से किया जाता है उनका कहना था कि क्या कारण है कि दूसरे प्रदेशों में मटर खरीदने के लिए किराया भी भरा जा रहा है परंतु अच्छी रिकवरी होने के बावजूद किसान की फसल को रुद्रपुर मंडी में पौने दामों में खरीदा जा रहा है । उन्होंने उत्तराखंड सरकार द्वारा फ्रोजन प्लांट सब्सिडी देकर इस क्षेत्र में स्थापित किया गया है परंतु किसान को उनकी फसल का उचित नहीं मिल पा रहा है । उन्होंने कहा कि प्लांट मालिकों को निर्देशित कर किसानों को उनकी फसल का लाभकारी मूल्य दिलाया जाए अन्यथा प्लांट मालिकों पर बनती विभागीय कार्यवाही अमल में लाकर दंडित किया जाए या उनका लाइसेंस निरस्त की कार्रवाई की जाए । क्योंकि प्रोडक्शन मटर दाना एवं मटर के मध्य लाभ जो कि किसान के लाभ से अधिक है जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है ।

# चार फरवरी को दिल्ली में होगी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक

जोशीमठ भू-धंसाव के अध्ययन, समाधान को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक चार फरवरी को दिल्ली में होने जा रही है। इस बैठक में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा के अलावा जोशीमठ का अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। एनडीएमए की ओर से जोशीमठ में हो रहे भूधंसाव की हर पहलू से बारीकी से अध्ययन करने के लिए आठ संस्थानों सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीबीआरआई), रुड़की, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी (डब्ल्यूआईएचजी), देहरादून, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), रुड़की, नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनजीआरआई) हैदराबाद, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (एनआईएच), रुड़की, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई), देहरादून, सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी), देहरादून, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईआईआरएस), देहरादून को जिम्मेदारी सौंपी हुई है। इन संस्थानों ने अपनी प्राथमिक रिपोर्ट एनडीएमए को सौंप दी थी। अब जोशीमठ भू-धंसाव के कारणों, निवारण को लेकर एनडीएमए ने चार फरवरी को बैठक बुलाई है, जिसमें इन सभी संस्थानों के प्रतिनिधि वैज्ञानिक भी शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में जोशीमठ आपदा प्रभावितों के पुनर्वास को बनाए गए तीन विकल्पों पर अहम चर्चा हो सकती है। वहीं, जोशीमठ भू-धंसाव पर आई रिपोर्ट पर भी चर्चा होने की संभावना है। उधर, राज्य के अधिकारियों का कहना है कि इसी महीने के अंत तक जोशीमठ पर वैज्ञानिकों की विस्तृत रिपोर्ट एनडीएमए के माध्यम से राज्य को मिल सकती है।

# अधिकारियों के लिए खरीदी जा सकेंगी 25 लाख तक की कारें

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य सरकार मंदी की मार पहले से ही झेल रहा है, अब मंत्रियों और अधिकारियों के वाहन सुविधाएं बढ़ाने के लिए वित्त विभाग की मंजूरी मिल गई है। मंत्रियों और अधिकारियों के लिए 25 लाख तक की गाड़ी खरीदने का रास्ता साफ हो गया है। परिवहन विभाग की संशोधित वाहन खरीद नीति को वित्त विभाग ने मंजूरी दी है। आगामी 10 फरवरी को होने वाली कैबिनेट में आएगा नई वाहन नीति खरीद का प्रस्ताव।उसके बाद 31 मार्च से पहले खरीदी जा सकती हैं 1500 लग्जरी गाड़ियां, वहीं लग्जरी गाड़ियों की खरीदारी को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य पहले से ही आर्थिक मंदी की मार झेल रहा है, जोशीमठ जैसी धार्मिक जगह पर आपदा आई हुई है, वहां के लोगों के पुनर्वास और उनको मुआवजे से ज्यादा जरूरी काम लग्जरी गाड़ियों की खरीदारी लग रही है, सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की तनख्वाह देने के लिए सरकार के पास पैसा नहीं है, आखिर लग्जरी गाड़ियों को खरीदने के लिए सरकार का पैसा कहां से आ रहा है।

# बर्खास्त महिला कर्मचारी की तबीयत बिगड़ी

देहरादून। विधानसभा के बाहर धरने पर बैठी एक बर्खास्त महिला कर्मचारी की तबीयत खराब हो गई। जिसे सीएमआई अस्पताल में भर्ती किया गया। बर्खास्त कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जल्द ही उन्हें न्याय नहीं मिला तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। विधानसभा से बर्खास्त कर्मचारियों का धरना 46वें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठी एक बर्खास्त महिला कर्मी दीप्ति पांडे का अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसे वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों ने सीएमआई अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज कर रहे डॉक्टरों ने स्वास्थ्य बिगड़ने का कारण मानसिक तनाव बताया है।

# विधान सभा में सूचना अधिकार लागू करने की व्यवस्था मजबूत की जाए

## नियुक्तियों की जांच करने वाली विशेषज्ञ समिति ने दिया सुझाव

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा की नियुक्तियों की जांच तथा भविष्य में सुधार के लिये सुझाव देने वाली विशेषज्ञ समिति ने विधानसभा में सूचना अधिकार लागू करने की व्यवस्था मजबूत करने सहित 15 सुझाव दिये है। यह खुलासा नदीम उद्दीन की सूचना अधिकार अपील के बाद विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक होने से हुआ है।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने अपने सूचना प्रार्थना पत्र से विधान सभा सचिवालय के लोक सूचना अधिकारी से विधानसभा में नियुक्तियों के परीक्षण के सम्बन्ध में विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट व इस पर कार्यवाही की सूचना मांगी थी। पहले तो इस सूचना प्रार्थना पत्र का उत्तर ही नहीं मिला जब श्री नदीम द्वारा प्रथम अपील की गयी तो विशेषज्ञ समिति की 217 पृष्ठों की रिपोर्ट विधानसभा की वेबसाइट पर सार्वजनिक करके लोक सूचनाधिकारी/अनुसचिव मनोज कुमार द्वारा अपने पत्रांक 28 दिनांक 6 जनवरी 2023 से उत्तर उपलब्ध कराया है।श्री नदीम को उपलब्ध रिपोर्ट के अध्ययन से स्पष्ट है कि विशेषज्ञ समिति ने नियुक्तियों की वैधता आदि पर सुझाव के अतिरिक्त विधानसभा में भविष्य में सुधार के लिये 15 सुझाव भी दिये है। इन सुझावों में क्रमांक 12 पर विधानसभा सचिवालय में सूचना के अधिकार अधिनियम को लागू करने की व्यवस्था मजबूत करने का सुझाव है ताकि कार्यों में पारदर्शिता लायी जा सके। पूर्व आई.ए.एस. दिलीप कोटिया (अध्यक्ष) सुरेन्द्र सिंह रावत तथा अवनेन्द्र सिंह नयाल की समिति ने भविष्य में सुधार हेतु जो सुझाव दिये है उसमें सूचना अधिकार मजबूतीकरण के अतिरिक्त अन्य सुझावों में विधानसभा के प्रमुख सचिव पद पर न्यायिक सेवा के अनुभवी एवं योग्य अधिकारी की नियुक्ति, पदों की आवश्यकता का निरीक्षण करके विधानसभा सचिवालय के संगठनीय ढांचे की राईट साइजिंग हेतु शीघ्र कार्यवाही, रिक्त पद को लोक सेवा आयोग या अन्य कोई राजकीय प्रतिष्ठित संस्था से भर्ती कराये जाए, कार्मिकों के मूल्यांकन हेतु वार्षिक चरित्र पंजिका लिखे जाने व संरक्षित किये जाने की मजबूत व्यवस्था, विधानसभा सचिवालय सेवा नियमावली को नये सिरे से विचार करके वर्तमान समय के परिप्रेक्ष्य में पुन: बनाये जाने, विधानसभा सचिवालय में बड़े स्तर पर आई.टी. (सूचना तकनीक) का प्रयोग, 2016 से पूर्व की भांति विधानसभा सचिवालय को प्रशासकीय विभाग के स्थान पर संसदीय कार्य विभाग को ही विधानसभा का प्रशासनिक विभाग बनाये जाने, पत्रावली खोलने, टीप लिखने, आदेश प्राप्त करने व उनको सुरक्षित रखने सम्बन्धी नियम बनाने, विधानसभा सचिवालय की वेबसाइट में सुधार करके मजबूत रूप प्रदान करने, विधानसभा सचिवालय के समस्त कार्मिकों का कार्य के प्रति उत्साह एवं मनोबल बढ़ाये जाने हेतु समुचित पुरस्कार योजनायें लागू करने, पदोन्नति सहित कार्मिकों के सेवा सम्बन्धी सभी विषयों के समय से निस्तारण की व्यवस्था तथा वाहन चालक व परिचालक के कार्मिक आउट सोर्सिंग से भर्ती किया जाना लेकिन अध्यक्ष, प्रमुख सचिव, नेता प्रतिपक्ष आदि के लिये उक्त कार्मिकों के स्थायी पद रखने के सुझाव शामिल हैं।









अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road , Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


# केन्द्र सरकार का बजट निराशाजनक: पपनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)।केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने बेहद निराशाजनक बताया।पपनेजा ने कहा कि केंद्र सरकार जुमलेबाजी के लिए जानी जाती है उसकी झलक इस बजट में देखने को मिली है। पपनेजा ने कहा कि कमरतोड़ बढ़ती हुई महंगाई को निर्यंत्रित करने का कोई उपाय इस बजट पर नहीं किया गया है व किसान के लिए भी इस बजट में केवल मायूसी हाथ लगी है पेट्रोल डीजल व खाद की आसमान छूती हुई कीमतों को भी निर्यंत्रित करने का इस बजट में कोई उपाय नहीं किया गया है जिसमें किसानों की आय दुगनी करना केवल घोषणाओं में ही सिमट कर रह गया है। मध्यमवर्गीय जनता के लिए रसोई गैस सिलेंडर, रोजमर्रा की चीजों को भी निर्यंत्रित करने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है। वह बेरोजगारी झेल रहे युवाओं को रोजगार देने के लिए देश में कोई नीति नहीं बनाई गई उन्हें केवल जुमलेबाजी ही दिखाई गई है। पपनेजा ने इस बजट को केवल मुंगेरीलाल के हसीन सपने बताया।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी समिति महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति का पता MIG -233 आवास विकास,रूद्रपुर,जिला-उधम सिंह नगर था। अब पता परिवर्तन कर नया पता प्लॉट नंबर 27 न्यू शक्ति बिहार कालौनी, रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर कर दिया गया है। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति उप निबंधक कार्यालय रुद्रपुर में दर्ज करायें।

**उषा नरेन्द्र जैन,अध्यक्ष**




MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER
AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614


# एसआरएम स्कूल की इंशा खान ने जीते दो गोल्ड मैडल

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के एसआरएम इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा इंशा खान ने इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से ऑनलाइन इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इसमें नगर के एसआरएम इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा इंशा खान ने अंग्रेजी विषय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50वीं रैंक पाते हुए स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही इंशा ने शद्वितीय स्तर पर क्वालीफाइड भी किया। बताते चलें कि इससे पुर्व नशे के विरूद्ध जागरूकता प्रोग्राम मे सहयोग करने के लिए एसएसपी चम्पावत भी इस छात्रा को सम्मानित कर चुके है। इसके अलावा इंशा को ओलंपियाड में सामान्य ज्ञान वर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1853वीं रैंक मिली। इसमें भी उन्हें स्वर्ण पदक मिला। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, स्कूल के प्रबंधक गोविंद मित्तल, प्रधानाचार्य नीरू सिंह, समाजसेवी शिवकुमार मित्तल, रमेश गोयल, हरपाल सिंह, कपिल कुमार, राकेश कुमार, सत्येन्द्र बंसल, अबरार अहमद, परवेज पटौदी आदि ने छात्रा को बधाई दी है।



# लाला लाजपत राय की जयंती पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। अंग्रेजी साम्राज्य में सन 1947 से पूर्व आजादी की जंग में भाग लेते हुए जेलों की सजा काटने के साथ-साथ सहित कई सेनानियों ने फांसी की सजा के दौरान मौत को गले लगाया स इसी कड़ी में पंजाब के जिला लुधियाना के शहर जगराओं के अमर शहीद लाला लाजपत राय जी की जयंती पर ग्राम रामजीवन पुर नं. 1 आवास विकास स्थित प्रगति इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं की एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के संयोजक देवेंद्र सिंह द्वारा कक्षा 9 और 10 के बच्चों को देश की संस्कृति, विज्ञान ,इतिहास एवं शहीदों के जीवन पर आधारित एक प्रतियोगिता करवाई जिसमें गई जिसमें बालक वर्ग में प्रथम शरद दिवाकर, बालिका वर्ग में प्रथम नौरीन, द्वितीय आलिया और स्नेहा रहे जिन्हें पुरस्कार प्रदान करने के साथ अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर महिमा चौरिटेबल सोसाइटी की संयोजिका चंद्रिका फौगाट ने बच्चों को आत्म सुरक्षा के लिए ताइक्वांडो,जूडो कराटे सहित अन्य विद्याओं को सीखने का आह्वान करते हुए जानकारियां प्रदान की ताकि वर्तमान समय में वह अपनी सुरक्षा के लिए तथा दूसरों की सुरक्षा के लिए एक अच्छा कदम बढ़ा सकें उन्होंने जूडो कराटे ताइक्वांडो की शिक्षा के लिए निशुल्क सेवाएं प्रदान करने का संकल्प किया। प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह चौहान ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान करते हुए शुभकामनाएं देने के साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भी शामिल होने का आह्वान किया वहीं स्कूल के अनुशासन और शिक्षा कार्य में अग्रणी रहने वाले भावना और अरुण को भी प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यापक दीपक सिंह, प्रवेशा राणा, रितु गाबा, कुमकुम चौहान, अनम, शीतल ,नगमा, रहमत जहां ,हिना, आसमा, खुशनुमा, अलीशा, अर्शी एवं सुनीता के अलावा अंजलि सैनी, संजना, अनु डोगरा, विनीता, सुदीप, इमरान अंसारी ,सागर ,वंश ,आर्यन, अंकित गौतम,रेहान अली, मोहम्मद सुहेब, उपेंद्र ,चेतन कुमार, मोहित कुमार सहित अन्य बच्चे मौजूद रहे।





# अवैध शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने कच्ची शराब के ठिकाने पर दबिश देकर हजारों लीटर लहन नष्ट करते हुए धधक रही भट्टियों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस ने मौके से दो रबर की ट्यूब में 95 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद करते हुए एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। कार्रवाई के बारे में पता चला है कि पुलिस टीम को जरिए मुखबिर सूचना मिली की गांधीनगर खत्ता में खैर के जंगलों में कुछ लोग गैर कानूनी तरीके से कच्ची शराब की कसीदगी में लिप्त हैं। इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने उक्त स्थान की घेराबंदी कर मौके से एक शराब कारोबारी को दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए शराब कारोबारी ने अपना नाम ग्राम रमपुरा निवासी आकाश सिंह उर्फ काका पुत्र स्वर्ण सिंह बताया। कार्रवाई के दौरान पुलिस को मौके से जोरावर की ट्यूब में 95 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। इस दौरान पुलिस ने मौके से शराब बनाने के उपकरण ड्रम, पाईप, हांडी, पतीला, डिब्बा आदि कब्जे में लेते हुए पकड़े गए शराब तस्कर से जरूरी पूछताछ के बाद उसका आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया। पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में खासा हड़कंप देखा जा रहा है।

# विद्यालय को किए चार रूम हीटर भेंट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजसेवी संगठन हल्द्वानी ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओखलढुंगा भीमताल को चार रूम हीटर भेंट किए। प्रधानाचार्य हेमंत कुमार खोलिया व समस्त स्टाफ के साथ विद्यालय में आयोजित एक समारोह में 4 रूम हीटर दान किए गए। यह हीटर हेमंत गोनिया की पहल पर भवाली के व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे व हल्द्वानी के कपिल इलेक्ट्रॉनिकल मुखानी के स्वामी हेम कपिल द्वारा दान किए गए। पहाड़ पर अत्यधिक ठंड होने के कारण रूम हीटर की आवश्यकता थी। समाजसेवी संगठन द्वारा इस विद्यालय को गोद लिया गया है। यहां पर अब तक 8 लाख रुपए से ज्यादा का सामान दान कर चुका है। समारोह में प्रधानाचार्य हेमंत कुमार खोलिया, दीपक शर्मा, ललित मोहन तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी, कपिल तिलाड़ा, दीप्ति दिगारी, बालम सिंह संभल, हीरा सिंह संभल मौजूद थे।



# मतदाताओ की बढ़ती संख्या पर जताई चिंता

सितारगंज(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने मतदाता सूचियों में सुधार और उनके सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया है। गुरुवार को तहसील में एसडीएम तुषार सैनी और तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने बीएलओ की बूथवार समीक्षा बैठक ली और क्षेत्र में मतदाताओं की अप्रत्याशित बढ़ोतरी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं के अलावा अन्य नाम भी सूची में बढ़ रहे हैं। ऐसे में बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र की सूचियों का सत्यापन करें। यह भी पता लगाएं कि जो मतदाता यहां सूची में शामिल हो रहे हैं, वे पूर्व के पते पर अपने नाम सूची से कटवा चुके हैं या नहीं। एसडीएम ने कहा कि अब नए मतदाताओं को उनकी जन्म तिथि के आधार पर सूची में शामिल किया जा सकता है जबकि पहले एक जनवरी के आधार पर नए मतदाता की आयु का आकलन कर उसे सूची में जोड़ा जाता था।तहसीलदार त्रिपाठी ने बीएलओ से मतदाता सूची को मतदाताओं के आधार कार्ड लिंक किए जाने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगर निकाय व लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त कर लें। किसी भी तरह की सूची में त्रुटि नहीं होनी चाहिए। बैठक में आरके शेखर आर्य समेत तमाम बीएलओ मौजूद रहे।


# जिला बार एसोसिएशन के एमपी तिवारी अध्यक्ष निर्वाचित





## सुशीला मेहता सचिव और अजय कुमार यादव कोषाध्यक्ष बने

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में एमपी तिवारी ने विरेन्द्र कुमार गोस्वामी को 137 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। सचिव पद पर सुशीला मेहता बिष्ट ने सर्वेश कुमार को 33 वोटों से पराजित किया। देर रात परिणाम घोषित होने के बाद विजयी पदाधिकारियों को उनके समर्थकों ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। जिला बार एसोसिएशन के दस पदों के लिए बृहस्पतिवार की सुबह नौ बजे जिला कोर्ट परिसर में मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। शाम तीन बजे तक चले मतदान में 482 में से 461 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। कोर्ट परिसर में प्रत्याशी और उनके समर्थक वोटरों से वोट देने की अपील करते रहे। शाम चार बजे मतगणना शुरू हुई और देर रात परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर एमपी तिवारी 295 ने वोट हासिल कर जीत दर्ज की जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी विरेंद्र कुमार गोस्वामी को 158 मत मिले। सचिव पद पर सुशीला मेहता बिष्ट ने 245 वोट हासिल कर जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंद्वी सर्वेश कुमार सिंह को 212 मत मिले। उपसचिव पर कमल कुमार ताड़वाल ने 295 वोट प्राप्त कर इंद्रपाल सिंह धारीवाल को पराजित किया। इन्द्रपाल को 157 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर अजय कुमार यादव 288 वोट लेकर विजयी रहे। उनके प्रतिद्वंद्वी सर्वेश बाबू को 166 वोट मिले। लेखा परीक्षक पद पर इंद्रजीत सिंह बिट्टा विजयी हुए। उन्हें 263 वोट मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी गिरिराज कुमार ने 184 मत प्राप्त किये। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर सुरेंद्र कुमार नरूला 286 वोट पाकर विजयी रहे। उनके प्रतिद्वंद्वी मनोज कुमार ग्रोवर को 145 वोट मिले। कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर शुभम गगनेजा ने 293, सीपी गंगवार ने 231, नईम बाबू ने 203 वोट पाकर जीत हासिल की। सुरेंद्र पाल छाबड़ा को 167 और शोएब खान को 125 वोट मिल सके। उपाध्यक्ष पद पर मुकेश मिश्रा, उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट विष्णु मंडल, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य शाहिद हुसैन और प्रीतम लाल अरोरा का पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका था। देर रात परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशी और उनके समर्थक खुशी में झूम उठे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत करते हुए जश्न मनाया गया।




## स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट स्थान मिलने पर पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित

गूलरभोज(उद संवाददाता)। स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नगर पंचायत गूलरभोज द्वारा उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा देकर मुख्यमंत्री आवास में सम्मानित किया गया था। नगर पंचायत के ट्रंचिंग ग्राउंड में पर्यावरण केवीएस के एमडी प्रेम नारायण मिश्रा, साइड इंचार्ज शेष नारायण शुक्ला, अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, रमेश कुमार, भूपेंद्र आर्य, पूनम आर्य,



नगर पंचायत श्रेणी में उत्तराखंड में तृतीय स्थान एवं जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर अटल निर्मल नगर पुरस्कार में 5 लाख रुपए का चेक एवं स्मृति चिन्ह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मित्रों और समस्त स्टाफ को फ्रिज वॉशिंग मशीन एलईडी टीवी मोबाइल फोन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन अनिता दुबे ,भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, कमल बिनबाल, सुखवंत सिंह, राजेश कुमार, प्रकाश आर्य, विनोद कुमार, प्रेम सागर, गोविंद राजभर, नरेश कुमार, अमित कुमार,रवि कुमार, नरेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बागेश्वर। काफलीगैर तहसील के राइका असौ में शिक्षकों की कमी होने से अभिवावकों में नाराजगी है,अभिवावकों ने विद्यालय में लंबे समय से रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती नही किए जाने पर शिक्षा विभाग के प्रति रोष जताया।अभिवावकों ने रोष जताते हुए सीईओ कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया।कहा कि विद्यालय में महत्वपूर्ण विषयों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। जिसमें हाईस्कूल में अंग्रेजी,इण्टरमीडिएट में भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान एवं राजनीति विज्ञान विषय में पद रिक्त हैं।प्रवक्ताओं के नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं का पठन पाठन ठीक से नही हो पा रहा है। विज्ञान वर्ग में रूचि रखने वाले छात्र इससे अत्यधिक प्रभावित हो रहे हैं। जिस कारण छात्र महंगे खर्च पर अन्यत्र प्रवेश लेने को मजबूर हैं। वही गरीब छात्र शिक्षकों के अभाव में पढ़ाई छोड़ नौकरी के लिए पलायन को मजबूर हो रहे है,नाराज ग्रामीणों ने शिक्षकों की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, जिसके बाद सीईओ को दी। वही मुख्य शिक्षाअधिकारी गजेंद्र सौन ने अभिवावकों को जल्द समस्या के समाधान का भरोसा दिया है।मांग करने वालों में ग्राम प्रधान



ज्ञापन सौंपकर जल्द रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। साथ ही जल्द रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति नही किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी नन्दन सिंह असवाल,क्षेत्र पंचायत सदस्य कमला देवी,अभिवावक समिति अध्यक्ष गोपाल सिंह,सूबेदार दीवान सिंह,पान सिंह, नरेंद्र सिंह, बहादुर सिंह,नन्दी देवी,आदि मौजूद थे।


# एनसीसी भारतीय सशस्त्र बलों का चौथा स्तंभ: राज्यपाल

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने गुरुवार को राजभवन ऑडिटोरियम में एनसीसी निदेशालय उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने इस वर्ष गणतन्त्र दिवस परेड में प्रस्तुतियाँ दी। राज्यपाल ने एनसीसी कैडेट्स को उनकी विभिन्न उपलब्धियों हेतु बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।राज्यपाल ने कहा उपलब्धि है। राज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से गणतंत्र दिवस की परेड के लिए जो मेहनत सभी ने की है, उसे आगे भी बरकरार रखने की जरूरत कहा कि आप सब भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं और अमृतकाल में नए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। डिजिटल क्रांति, स्टार्ट-अप क्रांति, इनोवेशन क्रांति में सहभागी बनते हुए उत्तराखण्ड का नाम रौशन करें। राज्यपाल ने कैडेट्स से स्पेस के चयन प्रक्रिया से लेकर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम तक की सभी गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया गया। इस दौरान राज्यपाल ने सभी कैडेट्स से मुलाकात कर उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, एडीजी




उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और विशेष सम्मान प्राप्त करने वाले एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने पाइप बैंड और सांस्कृतिक नृत्य के जरिए मनमोहक कि एनसीसी भारतीय सशस्त्र बलों का चौथा स्तंभ है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के चालीस हजार से ज्यादा कैडेट्स में से मात्र 116 कैडेट्स का गणतंत्र दिवस के लिए चयन होना अपने आप में बड़ी है। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी में सिखाये जाने वाले एकता और अनुशासन के मूल मंत्र को जीवन के अंतिम पग तक अपनाना चाहिए। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स देश को एक नई ऊंचाई पर ले जाएं, उत्तराखण्ड और भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाएं। उन्होंने कहा कि कैडेट्स युवा भारत का नेतृत्व करते हुए टेक्नोलॉजी, साइबर, एनीमेशन, गेमिंग सेक्टर, ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक लीडर के रूप में सहभागी बनने की अपेक्षा की। कार्यक्रम में एनसीसी निदेशालय के अधिकारियों द्वारा कैडेट्स उत्तराखण्ड एनसीसी निदेशालय मेजर जरनल पी.एस.दहिया, कंटीजेंट कमांडर आरडीसी 2023 लेफ्टिनेंट कर्नल दीपेन्द्र सिंह समेत एनसीसी के अधिकारी-कर्मचारी एवं कैडेट्स मौजूद रहे।



शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रात: 10 बजे से

स्थान–नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक-श्री शिव सेवा संस्थान एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण


# उत्तराखंड के लिए लाभदायक साबित होगा आम बजट: धामी

## उत्तराखंड में बनेंगे नए एयरपोर्ट, नर्सिंग कॉलेज और नए पर्यटन स्थल विकसित होंगे,मोटे अनाज को मिलेगा बढ़ावा, यूनिटी मॉल खुलेगा

देहरादून (उद संवाददाता)। केंद्र सरकार के बजट पेश करने के बाद बृहस्पतिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बजट को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान सीएम धामी ने बजट की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की उत्तराखंडवासियों को इस बजट से कई लाभ मिलने वाले हैं। साथ ही केंद्र सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखकर ही इस बजट को बनाया हैं। सीएम धामी ने केंद्रीय बजट को सही मायने में अमृतकाल का बताया। उन्होंने कहा कि बजट में युवा, मध्यम वर्ग, किसान, महिला समेत हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। बजट समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे और निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, युवा शक्ति, और वित्तीय क्षेत्र को समर्पित है। जो अमृतकाल के विजन को बताता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा की मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण को बधाई देता हूँ। जिन्होंने सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए इतना बेहतर बजट पेश किया हैं। बजट से छोटे व्यपारियों को फायदे के साथ साथ छोटे कारोबारियों को भी टैक्स में छूट का प्रावधान मिलेगा । वही वरिष्ठजनों को भी इस बजट से फायदा मिलने वाला है। साथ ही यह नए भारत के सपने का साकार करने वाला बजट है सीएम धामी ने कहा आगे प्रेस कांफ्रेंस में कहा की केंद्रीय करो में राज्य का अंश बढ़ गया है, इससे उत्तराखंड को फायदा होगा। वही संसद में मंडवे का नाम बजट भाषण में लिए जाने से पूरे देश में मंडवे को और पहचान मिली हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि संसद में पेश आम बजट उत्तराखंड के लिए बेहद लाभदायक साबित



होगा। बजट में किए गए प्रावधानों से राज्य में एयरपोर्ट का विकास और विस्तार होगा, नर्सिंग कॉलेज और पर्यटन टूरिस्ट डेस्टिनेशन भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय बजट 2023-24 पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बजट को मजबूत भारत की नींव रखने वाला बजट बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को शानदार बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी। सीएम ने कहा कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है। विकट हालातों के बावजूद भारत 10वें से पांचवें स्थान की अर्थव्यवस्था बनकर ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। एकलव्य आवासीय विद्यालय में शिक्षक और कर्मचारियों की नियुक्ति से राज्य के एकलव्य आवासीय विद्यालय में लोगों को रोजगार मिलेगा और नए एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण भी किया जा सकेगा। पत्रकार वार्ता में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी और प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय करों में राज्य को 25 फीसदी अधिक अंशदान मिलने की उम्मीद है। इससे राज्य को करीब 2500 करोड़ रुपये अधिक मिलेंगे। 50 वर्ष के लिए ब्याजमुक्त ऋण के रूप में राज्य को विशेष पूंजीगत सहायता योजना में 1100 से 1500 करोड़ रुपये की धनराशि मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री आवास योजना-4, स्वच्छ भारत मिशन और जलजीवन मिशन में भी करीब 1500 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। सीएम ने कहा कि प्रदेश के लिए कृषि महत्वपूर्ण क्षेत्र है। कृषि के क्षेत्र में ऋण की बढ़ोतरी से खेती और किसानों का फायदा होगा। मोटा अनाज और कृषि आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन और बिक्री के लिए प्रदेश में यूनिटी माल स्थापित किया जा सकेगा। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में मिलेट में मंडुआ का नाम विशेष रूप से लिया। राज्य सरकार मंडुआ के उत्पादन को बढ़ाने में लगातार प्रयास कर रही है। रामदाना का भी उत्पादन किया जाता है। अन्नश्री योजना से इन अनाजों का उत्पादन करने वाले किसानों को फायदा होगा। सीएम ने कहा कि बजट में 50 नए पर्यटन स्थल विकसित करने की व्यवस्था की गई है। उत्तराखंड में भी नए पर्यटन स्थल विकसित होंगे। स्वदेश दर्शन योजना से देश के प्रथम गांवों को पर्यटन विकास से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को चार नए नर्सिंग कालेज मिलेंगे। बजट में नई लैब, फार्मा सेक्टर में निवेश बढ़ेगा। नर्सिंग में दक्ष युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक से सस्ती दरों पर ऋण मिलेगा। सीएम ने कहा कि देश में 50 नए एयरपोर्ट की स्थापना का प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश में नए एयरपोर्ट का विकास हो सकेगा नए हेलीपैड बन सकेंगे। इस योजना से प्रदेश में पर्यटन और रोजगार दोनों के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

# नीति आयोग के समक्ष उठा चुके हैं ग्रीन बोनस का मसला : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेस वार्ता में कहा कि राज्य में आपदा प्रबंधन और न्यूनीकरण के अनुसंधान के लिए एक केंद्रीय संस्थान खुलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसके लिए सैद्धांतिक सहमति दे चुके हैं। वह इस पर केंद्र सरकार में बात कर चुके हैं। सीएम धामी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हिमालयी राज्य होने के कारण उत्तराखंड बजट में ग्रीन बोनस मिलने की उम्मीद कर रहा था, इससे जुड़े प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की बैठक में उन्होंने यह विषय रखा था। वह नीति आयोग के समक्ष यह मसला उठा चुके हैं राज्य की आबादी 1.25 करोड़ है, लेकिन उस पर करीब छह करोड़ की फ्लोटिंग आबादी के लिए सुविधाएं जुटाने का दबाव है। बजट आवंटन में इसे भी ध्यान में रखा जाए। मोटा अनाज पैदा करने वाले पर्वतीय किसानों के सामने जंगली जानवरों की बढ़ती समस्या पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मसूरी चिंतन शिविर और हाल ही में आईएफएस वीक में इस मसले पर मंथन हुआ है। इससे निपटने के लिए सरकार ने बजट की व्यवस्था की है। इस समस्या से कैसे निपटे ताकि परंपरागत खेती को प्रोत्साहित किया जाए, इस दिशा में सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में राज्य की सड़कों के बजटीय व्यवस्था की समस्या के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मसले को केंद्र सरकार के समक्ष रखा गया है। केंद्र से इस योजना में अंश बढ़ाय जाने का अनुरोध किया गया है। शहरों की धारण क्षमता का आकलन कराए जाने से जुड़े प्रश्न पर मुख्यमंत्री कहा कि उन्होंने इस संबंध में निर्देश दिए हैं। सरकार का प्रयास इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन बनाने पर है। जोशीमठ में आठ संस्थानों की रिपोर्ट आने के बाद सरकार इस दिशा में आगे बढ़ेगी।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आतंकी साजिशों की निगरानी

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद घाटी में सुरक्षाबलों की चौकसी काफी बढ़ा दी गई। माना जा रहा था कि इससे दहशतगर्दों की कमर टूट जाएगी और जल्दी ही वहां अमन कायम होगा। मगर अब भी आए दिन आतंकी अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। उनकी सक्रियता अपेक्षा के अनुरूप कम नहीं हुई है। वे अपना तरीका बदल कर निरपराध लोगों की हत्या कर देते हैं।पिछले कुछ समय से उनकी लक्षित हिंसा चिंता का विषय बनी हुई है। अब वे कुछ ऐसे तरीके आजमाते देखे जा रहे हैं, जो अब तक इस्तेमाल नहीं किए गए थे। जम्मू पुलिस द्वारा लश्कर से जुड़े एक आतंकी के पास से परफ्यूम की बोतल में भरे ताकतवर विस्फोटक (आईईडी) बरामद किया जाना इसी का ताजा उदाहरण है। सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि इस तरह का विस्फोटक ज्यादा घातक और ताकतवर होता है। गिरफ्तार आतंकी ने पिछले महीने नरवाल में ऐसे ही विस्फोटक लगाए थे, जिसमें नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके पहले भी वह कई ऐसी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। इससे एक दिन पहले तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया गया, जो किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में थे। ऐसे में फिर सवाल उठता है कि आखिर कैसे घाटी में आतंकियों की मौजूदगी बनी हुई है और उन्हें कहां से साजो-सामान उपलब्ध हो पा रहे हैं। हालांकि पिछले आठ-नौ सालों में आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों पर काफी लगाम कसी है। घर-घर तलाशी अभियान चलाने, आतंकियों को वित्तपोषण करने वाले संगठनों और व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे डालने और लगातार निगरानी बनाए रखने की वजह से उन्हें पकड़ना, उनकी साजिशों का पता लगाना काफी आसान हुआ है। मगर हैरानी का विषय है कि आतंकी संगठनों की गतिविधियों को पूरी तरह रोक पाना कठिन बना हुआ है। आतंकी संगठनों का समर्थन और वित्तपोषण करने वाले संगठनों और व्यक्ति की पहचान कर उनके बैंक खाते आदि बंद किए जा चुके हैं। सीमा पार से तिजारत बंद होने की वजह से उन्हें सड़क मार्ग से हथियार और गोला-बारूद वगैरह पहुंचाना मुश्किल हो गया है। लगातार उन पर नजर रखी और अत्याधुनिक सूचना उपकरणों से उनकी साजिशों का पर्दाफाश करने की कोशिश की जाती है। बुरहान वानी को मारे जाने के बाद इलेक्ट्रानिक माध्यमों से सूचनाओं के प्रसार पर भी कड़ाई से रोक लगा दी गई थी। फिर भी ये आतंकी अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो पा रहे हैं, तो चिंता स्वाभाविक है। विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद लंबे समय तक घाटी में कर्फ्यू का माहौल रहा। सुरक्षा कर्मियों की तादाद पहले से कहीं अधिक बढ़ा दी गई थी। पिछले साल सरकार ने माना था कि इसके चलते घाटी में आतंकी संगठनों में युवाओं की नई भर्ती पर लगाम लगी है। मगर हकीकत यह है कि घाटी के नौजवान लगातार सीमा पार सक्रिय आतंकी संगठनों के संपर्क में बने रहते हैं और उनके इशारे पर साजिशों को अंजाम देते हैं। ताजा घटनाओं में गिरफ्तार आतंकी भी स्थानीय थे, घुसपैठ कर सीमा पार से नहीं आए थे। यानी जाहिर है कि घाटी में युवाओं को गुमराह कर हाथ में हथियार उठाने को तैयार करने में आतंकवादी संगठन अब भी कामयाब हो रहे हैं। जब तक स्थानीय लोगों में दहशतगर्दों के प्रति असहयोग का भाव पैदा नहीं होगा, ऐसी घटनाओं पर विराम लगाना कठिन बना रहेगा। इसलिए इस दिशा में नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत है।

# गरीब,किसान और ग्राम कल्याण का चुनावी बजट

विशुद्ध रूप से यह चुनावी बजट है।इस साल 9 राज्यों में चुनाव होने हैं।इसके ठीक 5 माह बाद आम चुनाव है।नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पूर्ण बजट है।इसलिए यह बजट हर वर्ग के व्यक्ति के लिए रियायती बजट है।आयकर में 7 लाख तक कि छूट देकर नौकरीपेशा बड़ी राहत का अनुभव कर रहे हैं। क्योंकि 5 साल में यह राहत पहली बार मिली है।लेकिन कोरोना के बाद जिस तरह से खानपान जैसी हर वस्तु में कर के प्रावधान किए गए हैं,उससे तय है कि प्रत्यक्ष कर के रूप में दी जाने वाली अप्रत्यक्ष कर के रूप में वापस ले लेगी।इस प्रावधान के चलते बचत के रूप में बैंक और डाकघरों में भी राशि ज्यादा जमा होगी।इसी दौरान घरेलू गैस और रेल सुविधा पर जो सब्सिडी मिलती थी,वे सब सरकार ने लगभग खत्म कर दी हैं,इसलिए यह प्रत्यक्ष लाभ देना चुनावी साल में देना जरूरी था।बावजूद यह बजट गरीब ,किसान, मजदूर और ग्राम के लिए कल्याणकारी है।इस बजट में 80 करोड़ 35 लाख लोगों को एक साल के लिए मुफ्त अनाज देने का दो लाख करोड़ से ज्यादा का बजट प्रावधान कर दिया है।मोटे अनाज, जैविक कृषि से लेकर किसान को डिजिटल प्रशिक्षण और डिजिटल शिक्षा व पुस्तकालय के प्रबंध किए हैं।गोया यह बजट अनुशासित होने के साथ राजनीति और अर्थनीति के बीच आश्चर्यजनक संतुलन पैदा करने वाला बजट है।इसमें चतुर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने चुनावी रेवड़ियां भी बांट दीं और अर्थव्यवस्था को नुकसान भी नहीं होने दिया। केंद्र सरकार गरीबों को पूरी तरह निशुल्क अनाज देने का प्रबंध करके ऐसा चुनावी दांव चल दिया,जिसकी काट विपक्ष के पास नहीं है।सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि एक साल,यानी दिसंबर 2023 तक बढ़ाकर पेट की भूख से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत दी है। यह योजना दिसंबर 2022 को समाप्त हो रही थी।हालांकि फिलहाल चल रही इस योजना में सस्ती दरों पर अनाज राशन की दुकानों पर उपलब्ध कराया जाता था।इसमें चावल तीन रुपए किलो,गेहूं दो रुपए और मोटा अनाज एक रुपए किलो दिया जा रहा था।यह अनाज पूरी तरह मुफ्त होगा।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अभी तक गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रहे सामान्य परिवारों को प्रतिव्यक्ति पांच किलो अनाज हर महीने निशुल्क दिया जाता है। जबकि अंत्योदय वर्ग के उपभोक्ताओं को अनाज की यह मात्रा सात किलो प्रति व्यक्ति होती है।मसलन प्रत्येक सामान्य परिवार को 25 किलो और अंत्योदय परिवार को 35 किलो अनाज हर महीने दिया जा रहा है।कुल मिलाकर 81.35 करोड़ लोगों को रियायती दरों पर अनाज दिया जा रहा है।इस सुविधा पर दो लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे।मुफ्त अनाज 2023 में नौ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में लाभदायी है।इन राज्यों में पूर्वोत्तर के मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ ,कर्नाटक और तेलंगाना जैसे बड़े राज्य भी शामिल हैं।इसके बाद 2024 मई जून में लोकसभा के चुनाव भी होना है।यानी भाजपा इन राज्यों में विजयश्री हासिल कर लेती है तो इस मुफ्त योजना को 2024 के लिए भी बढ़ाया जाना तय है। कोरोना महामारी के दौरान जब काम-धंधे पूरी तरह बंद हो गए थे, तब रोज कुआं खोदकर प्यास बुझाने वाले लोगों के लिए भोजन का संकट गहरा गया था। अतएव भारत सरकार ने गरीबों को राहत पहुंचाने की दृष्टि से पूर्व से मिल रहे सस्ते अनाज के अतिरिक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज देने की व्यवस्था तीन महीने के लिए शुरू की थी। उम्मीद थी कि तीन माह बाद कोरोना का प्रकोप खत्म हो जाएगा। लेकिन इसका सुरसा-मुख लंबे समय तक खुला रहा। इसलिए इस अवधि को क्रमशः बढ़ाया जाता रहा।ग्रामीण अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने और अनिश्चित आय वालों के लिए यह अन्न योजना संजीवनी का काम करेगी।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून पूरे देश में लागू है।गरीबों अथवा भूखों को मिले इस सस्ते अनाज के अधिकार को इस कानून का उज्जवल पक्ष माना जाता है। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में देश के लोग भूखे हैं, तो यह चिंता का विषय है कि आजादी के अमृत महोत्सव में भी यह भूख क्यों बनी हुई है। अतएव सरकार ने मोटा अनाज पैदा करने के लिए जो प्रोत्साहन के प्रावधान किए हैं,उनमें यदि मध्यान्ह भोजन और मुफ्त अनाज योजनाओं के लिए किसान से मोटा अनाज खरीद कर भोजन के प्रबंध कर दिए जाएं तो किसान वास्तव में ज्वार,बाजरा, रागी,मक्का जैसी फसलें पैदा करने लग जाएगा।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# अच्छी बारिश होने से सब्जी उत्पादन में मिलेगा लाभ

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद में इस बार लंबे समय बाद बारिश हुई है। यह बारिश सब्जी उत्पादन के लिए संजीवनी का काम करेगी। जिले के किसानों को शाक भाजी बचने की उम्मीद बची हुई है। जनपद में इस बार बारिश न होने के कारण लाही, पालक, सरसों की फसल सूखने के कगार पर थी। शाक भाजी उत्पादन करने के बाद अपनी आय में वृद्धि करने वाला काश्तकार आसमान की ओर टकटकी लगाकर बारिश का इंतजार कर रहा था। इस बार बारिश समय से पूर्व होने के कारण काश्तकारों द्वारा उगाई गई सरसों, मूली, लाही की फसल को नुकसान हुआ था, जिससे काश्तकारों ने उम्मीद के साथ दोबारा इन शाक भाजी की बुवाई की थी। सोमवार को उम्मीद के अनुसार बारिश होने व उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात होने से इस बारिश को किसानों के लिए वरदान माना जा रहा है। अब उम्मीद है कि इस बारिश से फल व शाक भाजी के उत्पादन को लाभ होगा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस बारिश से काश्तकारों द्वारा उगाई गई गोभी, पालक, लाई को नया जीवन मिलेगा तथा उनकी आय में वृद्धि होगी।

# यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ चला अभियान

बागेश्वर(उद संवाददाता)।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त हो गई है।पुलिस ने एक बार फिर अभियान चलाया है। कोतवाल कैलाश नेगी ने चेकिंग अभियान चलाया।गुरूवार को पुलिस ने एसबीआई तिराहा,भराड़ी रोड,तहसील रोड में सघन चेकिंग अभियान चलाया।चेकिंग अभियान के दौरान बिना हैलमेट दोपहिया वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने, तेज वाहन से वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया।इस दौरान पुलिस ने दर्जनों वाहनों के चालान किए, वही कोतवाल नेगी ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती की जा रही है। नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने, शराब पीकर वाहन नही चलाने, अभिवावकों को नाबालिकों को वाहन नही चलाने देने की अपील की।इस दौरान दर्जनों वाहनों के चालान किए गए। वही थाना झिरोली में भी पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन नही करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती गई।

# साइबर सुरक्षा को अपनों से करें साझा

मुरादाबाद (उद संवाददाता)। सर्विलांस एंड साइबर सेल, मुरादाबाद पुलिस के साइबर क्राइम विशेषज्ञ श्री प्रशांत सिंह ने साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकारों, स्कैमर्स के क्राइम करने के तौर-तरीकों आदि के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, स्कैमर्स भोले लोगों को सेक्सटोरशन, सिम स्वैपिंग, फेक लिंक, रिमोट कंट्रोल ऐप, लॉटरी के फेक मैसेज आदि के जरिए अकसर टारगेट करते हैं। विशेषज्ञ बोले, अनजान फोन कॉल पर अपनी पर्सनल जानकारी या दस्तावेज कतई साझा न करें। फेसबुक मैसेन्जर और व्हाट्सऐप पर आने वाली अपरिचित कॉल्स से सावधान रहें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। किसी अननोन गूगल डोक लिंक में अपनी कोई भी डिटेल फिल न करें। श्री प्रशांत तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के फॉरेंसिक विभाग की ओर से साइबर क्राइम एंड साइबर सुरक्षा पर आयोजित गेस्ट लेक्चर में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व श्री प्रशांत सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, आईआईसी की कॉर्डिनेटर डॉ.गीतान्शु डावर, पैरामेडिकल के वाइस प्रिंसिपल डॉ. नवनीत कुमार, फॉरेंसिक के एचओडी श्री रवि कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके गेस्ट लेक्चर का शुभारम्भ किया। फॉरेंसिक के एचओडी श्री रवि कुमार



ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। संचालन स्टुडेंट्स अंजलि और इशिका सक्सेना ने किया। श्री प्रशांत बोले, किसी अनजान व्यक्ति से किसी मोबाइल ऐप के जरिए न जुडें। उन्होंने एयरपोर्ट्स से आने वाली कस्टम विभाग की फेक कॉल्स से भी सावधान रहने को कहा। उन्होंने लोन देने वाले ऐप से सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही सलाह दी, सोशल मीडिया अकाउन्ट्स पर टू फैक्टर ऑथेन्टिकेशन का उपयोग करें। उन्होंने यह भी ताकीद की, सभी सोशल मीडिया का समय-समय पर पासवर्ड चेंज करते रहें। उन्होंने साइबर क्राइम से जुड़े केसों की शिकायत के लिए अनिवार्य मोबाइल नम्बर और वेबसाइट के बारे में स्टुडेंट्स को विस्तार से बताया। गेस्ट लेक्चर के दौरान सवाल-जबाव का दौर भी चला। स्टुडेंट्स ने आई ऐड्रेस, ट्रु कॉलर, साइबर क्राइम की शिकायत के तौर-तरीके आदि सवाल पूछे। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन बोलीं, साइबर क्राइम और सुरक्षा एक ज्वलंत विषय है। इसके बारे में अपडेशन समय की आवश्यकता है। मैं भी इसे संजीदगी से सुनना पसंद करूंगी। उन्होंने अति आधुनिक, लेकिन खतरनाक आर्टिफिशियल टूल चौट जीपीटी के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर डॉ. रूचिकांत, श्री पिनाकी अदक, श्रीमती कंचन गुप्ता, श्रीमती चिंतकयाल पूर्णिमा, श्री रविन्द्र सिंह, श्री हिमांशु यादव, श्री आकाश, श्री विक्रम सिंह, श्री रोशन सिंह आदि भी मौजूद रहे। अतिथि व्याख्यान के दौरान फॉरेंसिक, बीएमएलटी, ऑप्टोमैट्री, आरआईटी आदि के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बाहरी प्रेरणा नहीं भीतर की ऊर्जा चाहिए

बाहरी प्रेरणा आती है एक माहौल बनता है, मन को बिलकुल आंदोलित कर देता है, उसके रहते मन आंदोलित होता है पर क्या ऐसा उत्साह सदा रह सकता है? प्रभाव जाएगा और उसके साथ तुम्हारा उत्साह भी चला जाता है। क्या जीवन हमने ऐसे ही बिताना है ? कुछ बाहरी परिस्तिथियाँ बदलती हैं और हमें लगता है ख्र वाह ! अब हम कुछ कर जायेंगे नया साल आता है एक बाहरी घटना और तुम एक संकल्प लेते हो कि कुछ कर जायेंगे पर नया साल रोज तो नहीं रहेगा दस ही दिन में तुम पाते हो कि गुब्बारे में से हवा निकल चुकी है। कोई आता है तुम्हे बहुत क्रांतिकारी बात बोल कर चला जाता है और वो बात तुम्हारे साथ दो दिन -चार दिन रहती है और फिर गायब हो जाती है क्योंकि उस बात का तुमसे कोई गहरा सम्बन्ध नहीं है ।बाहर से कोई चीज थोप दी गयी है तुम पर।कितने दिन चलेगी ? फिर जिसने तुमसे बाहर से एक तरफ जाने को कहा, वो तुम्हें दूसरे दिन किसी और तरफ भी जाने को कह सकता है या एक ताकत हो सकती है जो तुम्हें एक तरफ को खीचे और दूसरी ताकत आये और कहे कि नहीं, दूसरी तरफ को चलो पहली कह रही है कि मैं तुम्हें पूरब की ओर जाने को प्रेरित कर रही हूँ और दूसरी कह रही है कि मैं तुम्हें पश्चिम की ओर जाने को प्रेरित कर रही हूँ कितना बंट जाओगे तुम और कितना बटें-बटें तो रहते ही हो जीवन हमारा ऐसा ही तो है । घर कहता है इधर को चलो, शिक्षा कहती है इधर को चलो, दोस्त कहीं और को खींचते हैं, मीडिया कहीं और को खींचती है और हम उन सब के गुलाम की तरह कभी इधर, कभी उधर बस ब्राउनियन मोशन कर रहे होते हैं ।अगर कोई बाहर वाला उत्साहित करने में सक्षम है तो तुम्हें ये क्यों समझ में नही आता कि फिर वो तुम्हें निरुत्साहित भी कर सकता है तुम बन गये गुलाम, तुमने अपनी चाभी थमा दी उसके हाथ में कि तू आ, कुछ कर, कुछ कह, तो उत्साह का संचार होगा मुझमें और तू नहीं कहेगा, नहीं करेगा तो हम निरुत्साहित बैठे रहेंगे तुम्हें दिखाई नहीं दे रहा इसमें कितनी बड़ी गुलामी है? और तू हमें उत्साहित करेगा किसी तरफ को इसका फैसला कौन कर रहा है? कोई बाहरी व्यक्ति । क्या ये उचित है कि तुम्हारी जीवन दिशा का निर्णय कोई और करे? तुम्हारे प्रश्न का दूसरा हिस्सा ये था कि वो उत्साह स्वयं हो, भीतर से ही निकल पड़े बिल्कुल होता है और ऐसा नहीं है कघि तुमने इसको जाना नहीं है तुम इसको पूरे तरीके से जानते हो जब भी कभी समझ होती है तो उस समझ से पूरी उर्जा निकलती है तुम अगर अभी जान जाओ और पूरे तरीके से जान जाओ कि यहाँ पर आग लग गयी है इस कमरे में तो पूरी उर्जा से उठकर भागोगे या फिर मेरे पास आओगे कि मैं बड़ा हतोत्साहित रहता हूँ ,थोड़ी मोटीवेशनल बातें कहिये कि मैं यहाँ से उठकर भागू नहीं तो यहीं जल मरूँगा? जब तुम जानते हो तो वो जानना काफी होता है उस जानने से ही पूरी पूरी उर्जा आती है फिर कुछ शेष नहीं रह जाता तुम घर फोन करके नहीं पूछोगे कि पिताजी, आज्ञा दें तो बाहर जाऊं फिर तुम वो करोगे जो तुम्हे स्पष्टतया दिखाई दे रहा है कि यही उचित है, कोई कमी नहीं रहेगी उर्जा की, कोई संकल्प नहीं चाहिए होगा ।

आचार्य प्रशान्त,वेदांत मर्मज्ञ, लेखक

# एसपी प्रहलाद मीणा ने शिक्षक जयप्रकाश पांडे को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)।अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज केलाखेड़ा के सम्मानित अध्यापक आवास विकास गदरपुर निवासी जयप्रकाश पांडे जी को विजिलेंस विभाग के एसपी प्रहलाद मीणा एवं डिप्टी एसपी दीपशिखा अग्रवाल द्वारा



भ्रष्टाचार निवारण में सहयोग करने के कारण हल्द्वानी के कार्यालय में सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय हो कि कई वर्षों से शिक्षण कार्य में जुटे और सेवा भाव से छात्रों को शिक्षा प्रदान करने वाले जय प्रकाश पांडे को सम्मानित किए जाने पर तमाम शैक्षिक राजनीतिक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों द्वारा शुभकामनाएं प्रदान की गई।

# स्वास्थ सेवाए बेहतर बनाना प्राथमिकता: डीपी जोशी

बागेश्वर (उद संवाददाता)। एक माह से रिक्त चल रहे सीएमओ के पद पर स्वास्थ विभाग का मुखिया मिल गया है।नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड़ा. डीपी जोशी ने जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है,उन्होंने बुधवार जिला मुख्यालय पहुँचकर कार्यभार संभाला,उनके पदभार संभालने पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड़ा. हरीश पोखरिया ,ड़ा पीएस जंगपांगी सहित अन्य चिकित्सकों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद ड़ा जोशी ने कार्यालय में तैनात कर्मियों और अधिकारियों की बैठक ली।उन्होंने जिले में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था संचालित करना अपनी प्राथमिकता बताया।वहीं पदभार ग्रहण करने के बाद डीएम अनुराधा पाल से मुलाकात की।



# शिक्षकों को सिखाए जा रहे हैं रंगमंच के गुर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय थियेटर इन एजुकेशन कार्यशाला प्रारंभ हो गई है। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए कार्यशाला समन्यवयक डॉ प्रेम सिंह मावड़ी ने कहा कि इससे बच्चों को शिक्षा देने में शिक्षकों को लाभ मिलेगा।उन्होंने प्रशिक्षण का लाभ बच्चों तक पहुंचाने को कहा।उन्होंने कहा कि कार्यशाला के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा,वार्ता,लेखन, अभिनय में प्रशिक्षण लेकर यही शिक्षक आगे चलकर अपने अपने विधायलयों में उद्देश्य की परिपूर्णता हेतु वातावरण तैयार करेंगे। प्रभारी प्राचार्य ने सभी शिक्षकों का आव्हान करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षा में थियेटर का महत्वपूर्ण स्थान है। पठन पाठन में थियेटर को एक टूल की तरह उपयोग कर शिक्षक को रोचक बनाया जा सकता है।सन्दर्भदाता प्रख्यात नाट्यकर्मी जहूर आलम ने कहा कि नाट्य में सभी विधाएं समाहित है। इस विधा के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया आसान व रुचिकर हो जाती है। राज्यगीत लेखक व कवि हेमंत विष्ट ने कहा कि कठिन व जिन विषयों में वच्चों की रुचि कम होती है उन्हें थियेटर माध्य्म से शिखने की प्रक्रिया में सुगमता होगी। कहा कि संगीत, नृत्य, हमारी मूल प्रवृतियां है यह सीखने में मदद करती है। संगीतकार नवीन वेगाना, रंगकर्मी मनोज कुमार, संजय कुमार अजीज प्रेम जी से नाट्यकर्मी वृजेश जोशी द्वारा प्रथम दिन विविध जानकारियां दी।कहा कि बच्चों का विकास करना मुख्य कार्य है। प्रशिक्षकों ने कहा कि कठिन विषयों को समझाने में शिक्षक द्वारा नाट्य विधा का उप्योग किया जा सकता है,उन्हें संयोजित कर विभिन्न विषयों पर नाट्य आलेख तैयार किए गए। विभिन्न सत्रों में आयोजित कार्यशाला में डायट प्रवक्ता डॉ मनोज चौहान,डॉ सी एम जोशो, डॉ दयासागर, डॉ बी दी पांडे, संदीप जोशी, रवि कुमार जोशी, डॉ के एस रावत,डॉ राजीव जोशी द्वारा जानकारियां दी जा रही हैं। कार्यशाला में 40 अध्यापक प्रतिभाग कर रहे हैं।



# खाद्य सुरक्षा विभाग ने व्यापारियों को किया जागरूक

गरुड़(उद संवाददाता)। एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण)नई दिल्ली द्वारा गरुड़ क्षेत्र के व्यापारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006की जानकारी एवं नियम विनियम 2011के अनुसूची 4में वर्णित साफ सफाई,स्वच्छकर एवं स्वस्थ्यकर खाद्य पदार्थो के निर्माण,भंडारण एवं बिक्री करने के सम्बन्ध में बताया गया। इस दौरान जिला अभिहित अधिकारी डॉ.प्रकाश फुलारा ने सभी खाद्य व्यापारियों से नियमो के तहत व्यापार करने की अपील की। साथ ही मानकों का पालन करने की अपील की। कहा कि लाइसेंस समेत किसी भी प्रकार की समस्या के निस्तारण के लिए विभाग हमेशा तत्पर है। किसी भी खाद्य व्यापारी द्वारा नियमों का उलंघन किया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही किए जाने का प्रावधान हैं। प्रशिक्षण टीम में मास्टर ट्रेनर विनय कुमार,सोनू कुमार, फेड्रिक एवं भूपेंद्र देव शामिल थे। इस दौरान व्यापार संघ अध्यक्ष लक्ष्मी दत्त पाण्डेय,प्रेम सिंह नेगी समेत दर्जनों व्यापारी मौजूद थे।




# भू-वैज्ञानिक व सिंचाई विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री की घोषणा में भराड़ी बाजार में नदी तट पर बहाव व भूस्खलन पर रोक लगाने के लिए सुरक्षात्मक कार्य करने के लिए धनराशि दी गई है।भराड़ी तल्ली बाजार से बीच बाजार तक बाढ़ सुरक्षा कार्य किया जाएगा। इसके लिए भू-वैज्ञानिक व सिंचाई विभाग के कर्मचारियों स्थलीय निरीक्षण किया। जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। गत वर्ष दानपूर महोत्सव के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बाढ़ सुरक्षा के कार्य को अपनी घोषणा में शामिल किया था। अब यह जल्द मूर्त रूप लेगा। मालूम हो कि भराड़ी तल्ली बाजार में लगातार भूस्खलन हो रहा है। इससे दुकानदार से लेकर यहां रह रह लोग दहशत में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। बारिश के दिनों यह चिंता और बढ़ जाती है, लेकिन गत वर्ष सीएम ने इसे बाढ़ सुरक्षा कार्य को लेकर अपनी घोषणा में शामिल किया था। अब यह कार्य मूर्त रूप लेगा। गुरुवार को को भू वैज्ञानिक लेखराज सिंह,सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता जगत सिंह बिष्ट और अपर सहायक अभियंता तरुण लुम्याल ने भराड़ी तल्ली बाजार से बीच बाजार की दूरी तक सरयू नदी में निरीक्षण किया। एई बिष्ट ने बताया कि फिलहाल सर्वेक्षण किया गया है। जल्द प्रस्ताव और आंगणन तैयार किया जाएगा। इधर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष समेत अन्य व्यापारी लंबे समय से शासन और प्रशासन से भू कटाव को रोकने के लिए सुरक्षा दीवार लगाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने विभाग से जल्द कार्य शुरू करने की मांग की है।



# इंस्पिरेशन स्कूल में आर्ट और क्राफ्ट प्रदर्शनी हुई आयोजित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में आर्ट और क्राफ्ट प्रदर्शनी एस्थेटिक आइल का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के सभी विद्यार्थियों ने अपनी कला कौशल को विभिन्न माध्यमों जैसे वॉल हैंगिंग, बटन क्राफ्ट, स्टोन आर्ट, जूट क्राफ्ट, पोट्रेट्स, कठपुतलियाँ, नेम प्लेट, एपन कला, मेहन्दी कला, राखी आदि को वेस्ट मैटिरियल जैसे बटन, कागज, रस्सी, कपड़ा, पुराने जूते, बोतल, पत्थर, पेपर, ग्लास आदि के द्वारा बनाकर प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का मुख्य केंद्र मशरूम वंडर लैंड था। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा, कला अध्यापिकाएँ श्रीमती नीरू गोयल एवं श्रीमती ऋचा वर्मा द्वारा किया गया। सभी अभिभावकों एवं आगंतुकों ने कला प्रदर्शनी की सराहना की।

# गरुड़ क्षेत्र में गुलदार के आतंक से ग्रामीण परेशान

गरुड़(उद संवाददाता)। बैजनाथ रेंज के विभिन्न गाँवो में दिनदहाड़े कई गाँवो में गुलदार दिखने से लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांवों में पिंजरा लगाने की मांग की है।गरूड़ क्षेत्र के कोलतुलारी,देवनाई,बिमोला,पचना, नौघर मालदे,सिटोली अणां,सहित दर्जनों गांवों में दिनदहाड़े आवासीय क्षेत्रों के समीप गुलदार दिखने से लोग सहमे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन क्षेत्र में गुलदार दिखने से लोगों में भय छाया हुआ है। क्षेत्र के अणा क्षेत्र पंचायत नीमा देवी, मालदे प्रधान, बलवंत अल्मियां ,पूर्व क्षेत्र पंचायत कविता नेगी, हरीश सिंह, नरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, रंजीत रावत, प्रकाश कोहली, आनंद नेगी,आदि ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाकर चिन्हित स्थानों में पिंजरा लगाकर गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की।वही प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी ने बताया कि अभी क्षेत्र में गुलदार के दहशत की कोई सूचना नही मिली है, वन क्षेत्राधिकारी को नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या रूद्रपुर में लेंगे समीक्षा बैठक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के लोकसभा प्रभारी नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं प्रकाश जोशी कल 4 फरवरी को रूद्रपुर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक जिले के प्रभारी संजीव आर्य भी मौजूद रहेंगे। जानकारी देते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाश जोशी को पार्टी ने हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के लिए लोकसभा का प्रभारी बनाया है। दोनों कल 4 फरवरी को सिटी क्लब रूद्रपुर में प्रात: 11 बजे 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद पत्रकार वार्ता करेंगे। बैठक में जिले के प्रभारी संजीव आर्य भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में पार्टी के पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक विधायक प्रत्याशी, पीसीसी सदस्य, हाथ से हाथ जोडो अभियान के संयोजक, जिला एवं महानगर पर्यवेक्षक, ब्लाक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, कांग्रेस के समस्त अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी गण, ब्लाक प्रमुख, पूर्व ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। श्री गावा ने कार्यकर्ताओं से बैठक में समय से पहुंचने की अपील की है।



## पेज एक का शेष...

**खाई में गिरा...**वाहन श्रीनगर से ऋषिकेश लौट रहा था। मृतक के कपड़ों से उसकी पहचान संबंधी कोई भी प्रपत्र नहीं मिला। शव को पहचान के लिए एम्स ऋषिकेश की मोर्चरी में रखवाया गया है। एसडीआरएफ के निरीक्षक कविंद्र सिंह साजवाण ने बताया कि गंगा में वाहन की सर्चिंग के लिए एसडीआरएफ की डीप डाइविंग टीम जुट गयी है।

**अवैध शराब के ठिकानों...**कच्ची शराब बरामद की गयी। मौके से शराब कसीदगी के उपकरण तीन लोहे के ड्रम, दो कनस्तर, तीन रबर के पाईप, एक प्लास्टिक का जग आदि कब्जे में लिया गया। मौके से शराब तस्कर फरार हो गये। फरार राजेन्द्र सिंह पुत्र रेशम सिंह निवासी ग्राम ककराला गुलरभोज, मोहन लाल पुत्र रूप किशोर निवासी कठपुलिया गुलरभोज, गुरमीत सिंह पुत्र टाला सिंह निवासी थापक नगला, थाना कैलाखेडा ,गुरदीप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी हरिपुरा हरसान थाना बाजपुर के विरुद्ध थाना गदरपुर में धारा- 60(2) आबकारी अधिनियम के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत किया गया है। छापा मारने वाली टीम में चौकी प्रभारी राकेश कठायत, कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार,दीपक जोशी, कुन्दन सिंह आदि शामिल थे।

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में नाम गुरदीप सिंह (Gurdeep Singh)था। अब मैंने अपना नाम गुरदीप सिंह बेदी (Gurdeep Singh Bedi) रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे गुरदीप सिंह बेदी पुत्र श्री दीदार सिंह बेदी (Gurdeep Singh Bedi S/O Didar Singh Bedi) के नाम से ही लिखित व मौखिक रूप से जाना व पहचाना जाये।

**गुरदीप सिंह बेदी पुत्र श्री दीदार सिंह बेदी निवासी- ग्राम फुलसुंगी, पो. ट्रांजिट कैम्प रूद्रपुर ( ऊधमसिंह नगर )**

**तमंचा कारतूस...**काशीपुर निवासी प्रदीप यादव पुत्र रूपचंद्र यादव बताया। जामा तलाशी में पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**उच्चकों ने महिला...**रही थी। इसी दौरान बाईक सवार दो अज्ञात युवक तेजी से उसके पीछे आकर रुके। जिनमें एक युवक ने उसकी पत्नी के हाथ में पकड़ा मोबाईल झपट लिया और दोनों बाईक से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**छ: सड़कों एवं नाला..**तक 35 मी०, वार्ड नं० 3 जसपुरखुर्द, पशुपति बिहार में गुरुतान रोड के पास किरन के घर से अनीता रावत के घर तक 40 मी०, वार्ड नं० 2 जसपुरखुर्द पशुपति विहार में मुख्य मार्ग पर धनबीर सिंह चौहान के मकान से विद्या शर्मा के मकान तक 100 मी०, वार्ड नं० 40 कचनालगाजी में मानपुर रोड पर विश्वनाथपुरम में दीप्ती गुप्ता के मकान से रंजीत सिंह के मकान तक 150 मी० टायल मार्गों का एवं वार्ड नं० 36 प्रभात कालोनी में नरेश कम्बोज के घर के सामने से नूर हसन के घर के सामने तक 150 मी० नाला निर्माण का शिलान्यास किया है। उन्होंने बताया कि इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है। शिलान्यास के दौरान उन्होंने जनता की समस्याओं को भी गौर से सुना है और कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि सभी क्षेत्रों को विकास की कड़ी से जोड़ा जाएगा। जैसे जैसे सरकार से वित्त की व्यवस्था प्राप्त होगी वैसे वैसे जन कल्याण के कार्यों को गति देने का उनका प्रयास रहेगा। इस दौरान पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, ब्लाक प्रमुख जसपुर सुश्री संदीप कौर, ग्राम प्रधानों में लखविन्दर सिंह, कु० शाहिस्ता, राजेश यादव, पार्षदगणों में दीप जोशी, अनिल कुमार, रवि कुमार एवं अनीता कम्बोज सहित भाजपा मण्डल अध्यक्ष रजत सिद्ध, ब्रिजेश पाल सहित गुरबख्श बग्गा, दीपक कुमार मौजूद रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# श्रद्धा के साथ मनाया श्री गुरू हरि राय जी का प्रकाश पर्व

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट में श्री गुरू हरि राय जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कथा वाचक ज्ञानी दर्शन सिंह ने गुरू जी के जवन पर प्रकाश डाला व रागी भाई गुरूजीत सिंह ने शबद कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल कर दिया। इसके पश्चात लंगर का प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर सरपरस्त इन्द्रजीत सिंह, सरदार हरि सिंह ग्रोवर, गुरूजीत सिंह, बलबीर सिंह कामरा, नरेश कुमार सेठ, वेद प्रकाश कामरा, जोगेन्द्र सिंह मोगा, किशन लाल खुराना, अशोक चुघ, नरेन्द्र सिंह, अशोक गर्ग, जितेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ईनामी अपराधियों की संपत्ति का जब्तीकरण करें : डीजीपी

**❏डीजीपी ने कुमाऊं रेंज के पुलिस प्रभारी और राजपत्रित अधिकारियों के साथ की अपराध समीक्षा बैठक**
**❏अल्मोड़ा के रानीखेत थाना और उधमसिंहनगर के ट्रांजिट कैंप को पुलिसिंग में सुधार करने के दिये निर्देश**
**❏अपराधियों की धड़पकड़ अभियान के अंतर्गत पुलभट्टा, चंपावत तथा डीडीहाट थानों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार द्वारा सर्किट हाउस काठगोदाम में कुमाऊं रेंज के जनपद पुलिस प्रभारी व राजपत्रित अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गोष्ठी को ऑनलाइन माध्यम से भी जोड़ा गया। इस दौरान डीजीपी ने सभी को कई निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इनामी व वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलभट्टा, चंपावत तथा डीडीहाट थानों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उपरोक्त थानो को ईनाम दिया जाएगा। अल्मोड़ा के रानीखेत थाना और उधमसिंहनगर के ट्रांजिट कैंप को पुलिसिंग में सुधार करने को कहा। उन्होंने इनामी अपराधियों की कार्ययोजना बनाकर टीमें गठित कर धरपकड़ कर वांछित तथा इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहागंभीर अपराध विशेषकर लूट व डकैती वाले इनामी अपराधियों पर इनाम बढ़ाया जाए।अपराधियों के संहिता में निहित नियमों/प्रावधानों के





अनुरूप इनाम घोषित किया जाय। मफरूरों का सत्यापन करवाया जाए। इनाम घोषित की कार्यवाही भी करें।डीजीपी ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अधिक वर्ष की अवधि की सजा वाले अभियोगों से संबंधित अपराधियों की संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने को कहा। साथ ही गैंगस्टर एक्ट में ज्यादा से ज्यादा अभियोग दर्ज कर संबंधितों के विरुद्ध इनाम भी घोषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सक्रिय अपराधियों का चिन्हीकरण कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने,नवसृजित थानों में सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने, पुलिस की उपस्थिति दर्शाने के लिए स्थानीय लोगों के साथ जनजागरुकता अभियान तथा खेल/मनोरंजक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करने के निर्देश दिए। गोष्ठी के दौरान नैनीताल और उधम सिंह नगर जिले के क्षेत्राधिकारियो के अपराध रजिस्टर की समीक्षा भी की गई। रजिस्टर में स्पष्ट अंकन न होने के परिणाम स्वरूप संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई भी की गई। सभी क्षेत्राधिकारियों को उन्होंने व्यक्तिगत रुचि लेकर गंभीरता से अपने सर्किल का अपराध रजिस्टर अधावधिक करने और स्पष्ट अंकन करने के निर्देश दिए। साइबर अपराधों में तत्काल कार्यवाही करें। इन अपराधों में संपत्ति बरामदगी के प्रतिशत में भी बढ़ोत्तरी की जाय। गोष्ठी के दौरान गौरा शक्ति योजना के अंतर्गत महिला हेल्पडेस्क में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों को मोबाइल फोन और सिम बांटे गए। जिससे महिला सुरक्षा के तहत पीड़ित महिला की शिकायत और समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा सके। गोष्ठी के दौरान डॉ नीलेश आनंद भरणे, पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जनपदों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान सर्किट हाउस काठगोदाम में एसएसपी पंकज भट्ट, एसएसपी उधम सिंह नगर मंजूनाथ टीसी समेत नैनीताल/उधमसिंहनगर जिले के राजपत्रित अधिकारी तथा ऑनलाइन माध्यम से लोकेश्वर सिंह, एसपी पिथौरागढ़, हिमांशु वर्मा, एसपी बागेश्वर, प्रदीप राय एसएसपी अल्मोड़ा तथा देवेन्द्र पींचा, एसपी चंपावत समेत जिलों के राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएमओ को भेजी जाएगी विकास कार्यों की रिपोर्ट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट के मंत्रालय से आये प्रतिनिधियों मेजर विजय राणा तथा दीपक पंत ने जनपद में संचालित एवं प्रस्तावित बड़े कार्यों की विकास भगवन सभागार में विस्तार



से समीक्षा की। उन्होंने पन्तनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण, किच्छा में एम्स की सैटेलाइट सेंटर की स्थापना, रूद्रपुर तथा सितारगंज में केन्द्रीय विद्यालय खोलने हेतु किये जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में चल रहे विकास कार्यों एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की रिपोर्ट पीएमओं को भेजी जायेगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रस्तावित योजनाओं को शीघ्रता से मूर्तरूप देने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करते रहें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि योजनाओं के सम्बन्ध में किसी भी स्तर पर कोई समस्या हो तो उसके बारे में प्राथमिकता से अवगत कराये ताकि समस्या का शीघ्रता से समाधान कराया जा सके। उन्होंने रूद्रपुर तथा सितारगंज में केन्द्रीय विद्यालय खोलने हेतु प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने काशीपुर में आरओबी निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरन्त अवगत कराने, काशीपुर बायपास निर्माण हेतु तेजी से कार्य करने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिये। समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने जनपद में संचालित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिस पर प्रतिनिधियों ने कार्यों में संतोष व्यक्त किया।बैठक में उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक एके सिंह, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जीएम डीआईसी उत्तम कुमार तिवारी, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रतिबंधित थैली बेचने वाले को पकड़वाओ और ईनाम लो

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जी हां शीर्षक पढ़कर चौंकिए मत। यह बात स्वयं मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने गत दिवस सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के साथ सब्जी मंडी मंगल पड़ाव में औचक निरीक्षण करने के दौरान फल, सब्जी व अन्य सामान बेचने वालों से कही। निरीक्षण करते समय जिन दुकानों व ठेलियो में प्रतिबंधित थैलियां बरामद की गई सामान बेचने वालों का एक हजार रुपए का चालान किया गया। इस दौरान नगर आयुक्त श्री उपाध्याय ने घोषणा की कि जो व्यक्ति यहां पर थैलिया उपलब्ध करा रहा है उसे पकड़वाने में जो भी सरकार की सहायता करेगा उसके चालान वापस लौटा दिए जायेंगे



साथ ही उसे एक हजार रूपए का ईनाम भी दिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों से प्रतिबंधित डिस्पोजल तथा अन्य प्लास्टिक की सामग्री भी बरामद की गई। इस दौरान सब्जी मंडी में हड़कंप मचा रहा।

